मेरे साथ रहना

बाबा देखो मेरी ओर, मैं हूं अति कमजोर,
मेरे साथ रहना.....

नैया है भवर में खाये रे हीचकोले, संभालो पतवार,
मैने कीये लाखो जतन मेरे बाबा, गया हूं अब हार,
गया हूं अब हार, संभालो पतवार,
बाबा देखो मेरी ओर.....

तु ही मेरा मालिक तु ही है एक साथी, सिखाया है यही,
तु ही गर रूठे तो जाएंगे कहा ये, बताया ही नहीं,
बताया ही नहीं, सिखाया ही नहीं,
बाबा देखो मेरी ओर.....

जग का सताया तू ने ही अपनाया, तुम्हीं से मेरी आस,
चाहे आधी रातो में तुझको बुलाऊ, आएगा मेरे पास,
आएगा मेरे पास, है पूरा विश्वास,
बाबा देखो मेरी ओर.....

तुझसे ना छानी सचिन की कहानी, तू जाने सारी बात,
तेरे आगे बाबा समर्पण मेरा, उठाऊं दोनो हाथ,
उठाऊं दोनो हाथ, संभालो दीनानाथ,
बाबा देखो मेरी ओर.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32945/title/mere-saath-rehna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |